in this regard in any arrangement that is finalised.

मध्य प्रदेश में पर्यटन का विकास

2838. **श्री अजीत जोगी:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार मध्य प्रदेश में पर्यटन के महत्व वाले उन कुछ स्थानों को विकसित करने का विचार रखती है जिनमें पर्यटकों को आकर्षित करने की अपार क्षमता है किन्तु अब तक इनका पर्यटन के प्रयोजनार्थ विकास नहीं किया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या ओरछा, अमरकण्टक, अबुझमाड़ (बस्तर), तामिया (छिन्दवाड़ा), चचई (रीवा), चित्रकूट (सतना) आदि स्थानों का इस दृष्टिकोण से विकास किया जाएगा?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया) (क) से (ग) पर्यटन का विकास करना मुख्यतया राज्य सरकारों की जिम्मेवारी है। तथापि, राज्य सरकारों को वित्तीय सहायता विशिष्ट परियोजनाओं पर उनके गुण-दोष, धन की उपलब्धता तथा पारस्परिक प्राथमिकताओं को ध्यान में रख कर दी जाती है।

केन्द्रीय पर्यटन विभाग ने मध्य प्रदेश सरकार से प्राप्त विशिष्ट प्रस्तावों के आधार पर ओरछा, अमरकण्टक, तामिया तथा चित्रकूट में पर्यटक सुविधाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। अबुझमड तथा चचई के लिए कोई विशिष्ट प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

गोवा तथा अण्डमान निकोबार की यात्रा करने वाले पर्यटक

2839. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान गोवा तथा अण्डमान और निकोबार की यात्रा करने वाले पर्यटकों की संख्या कितनी थी;

(ख) इन पर्यटकों से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई; और

(ग) इन स्थानों की यात्रा करने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि करने के लिये सरकार की क्या योजनायें हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधवराव सिंधिया): (क) गोआ सरकार तथा संघ राज्य क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में आए विदेशी पर्यटकों की संख्या निम्नानुसार है:—

वर्ष	विदेशी पर्यटकों का आगमन	
	गोआ	अंडमान और निकोबार
1989	91,430	2,393
1990	104,330	5,802
1991	38,663*	1,321**

* जून तक
** जुलाई तक

(ख) पर्यटकों से होने वाली विदेशी मुद्रा आय के अनुमान राज्य/स्थान-वार संकलित नहीं किए जाते हैं।

(ग) इन स्थानों पर पर्यटकों के आगमन में वृद्धि करने के उद्देश्य से, केन्द्रीय पर्यटन विभाग ने विदेशी बाजारों तथा देश के भीतर भी इन स्थानों के प्रचार तथा संवर्धन सहित पर्यटक संबंधी आधारभूत सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए वित्तीय सहायता दी है।

Protest by Unions of Air India/Indian Airlines against privatisation

2840. SHRI P. UPENDRA: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether the Employee's' Unions in the Air India and Indian Airlines have Drotested against their privatisation; and

(b) if so, what is the Government's reaction thereto?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) Yes, Sir,

(b) Government have no intention of privatising either Air India or Indian Airlines. These airlines are intended to be restructured with a view to providing them management and capital structures in accordance with the Companies Act, 1956 to enable them mobilise capital to meet growth requirements without avoidable burden on the Government; provide opportunity of participation in the shareholding of the companies to workers in the first instance, and later, if necessary, to mutual funds, financial institutions and general public;